हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 28 जनवरी 2022, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO : 7 MIDDLE

एसआरएमएस को हरा आरसीसी सेमीफाइनल में

बरेली। शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी 20 क्रिकेट लीग में एसआरएमएस को हराकर ओरसीसी ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे मुकाबले में उत्तराखंड ने शाहजहांपुर को हरा अगले चरण में प्रवेश किया। आरसीसी की ओर से मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी दीक्षांशु नेगी व एसआरएमएस की ओर से भारतीय युवा टीम के सदस्य समीर रिजवी मैदान में उतरे। स्टेडियम में खेले गए मैच में आरसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 105 रन बनाए। सौरभ ने 36 व कमल ने 30 रनों की पारी खेली। एसआरएमएस की टीम 16.4 ओवर में ढेर हो गई। आरसीसी के लिए मैन आफ दि मैच मयंक मिश्रा ने 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट लिए। दूसरे मैच में उत्तराखंड ने 179 रन बनाए। गौरव ने शानदार शतक जड़ा। सीसीए शाहजहांपुर की टीम मात्र 94 रन ही बना सकी। उत्तराखंड के नयन् ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लेते हुए 4 ओवरों में मात्र 12 रन दिए। गौरव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।